an>

Title: Need to take steps to release the firshermen languishing in Pakistani Jails.

श्री चिन्तामन नावाशा वांगा (पालघर): महोदया, महाराष्ट्र के ठाणे जिले से और मेरे चुनाव क्षेत्र से लगभग 167 आदिवासी मछुआरों को पाकिस्तान ने गिरफ्तार किया है। उनमें से लगभग 153 मछुअरों की रिहाई हुई है लेकिन अब भी 14 मछुआरे पाकिस्तान की जेलों में हैं। उनकी तुरंत रिहाई होनी चाहिए। पाकिस्तान में गिरफ्तार प्रत्येक मछुआरे को भारत सरकार तीन लाख रूपये की आर्थिक सहायता पुनर्वास के लिए देती है, लेकिन अभी तक सिर्फ 20 मछुआरों को मदद मिली है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि तुरंत 14 मछुआरों को पाकिस्तान से रिहा करवाया जाए, इसके लिए सरकार को कोशिश करनी चाहिए और जो मछुआरे रिहा हो कर आए हैं, उनके लिए सहायता दी जानी चाहिए।